WWW.APMA.BIZ

सरकूलर नं0: अपमा/2016–2018/110 दिनांक : 22–6–2017

''जीएसटी कार्यशाला का आयोजन''

दिनांक शनिवार 24–6–2017

स्थान : तिकोना पार्क, कश्मीरी गेट

समय : सुबह 11 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक

जैसा कि आप सभी व्यापारी भाईयों का विदित ही है कि 1 जुलाई 2017 से जीएसटी का आना तय हो गया है। यद्यपि मोटर पार्ट्स पर जीएसटी की दर 28% का अपमा पूरजोर विरोध कर रही है एवं मोटर पार्ट्स पर जीएसटी की दर को कम करवाने हेतु आपकी संस्था संघर्षरत है। परन्तु दर कोई भी हो यह तय है कि यह कर प्रणाली हमारे व्यापार के लिए आएगी तथा इसके प्रावधानों की तैयारियां तथा विभिन्न पहलुओं कि हमे पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए।

व्यापारी भाईयों, आप सभी के सहयोग से अपमा ने जीएसटी की कई कार्यशालाओं का आयोजन सफलता पूर्ण किया है। इसी श्रंखला में अपमा के अथक प्रयास से Tally, Sarswati Accountant एवं DBS Bank के सौजन्य से शनिवार दिनांक 24–6–2017 को प्रात : 11 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक तिकोना पार्क, कश्मीरी गेट पर एक भव्य जीएसटी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस जीएसटी कार्यशाला में मुख्यता वक्ता श्री मनीष गुप्ता जी, (Director, Saraswati Accountant), श्री प्रवीण शर्मा जी(सलाहकार) एवं श्री मुराद सिराज जी (DBS Bank) जी को आमंत्रित किया गया है।

आप सभी व्यापारी भाईयों से अनुरोध है कि शनिवार दिनांक 24–6–2017 को प्रातः 11.00 बजे दोपहर 2.00 बजे तक अपमा द्वारा आयोजित जीएसटी कार्यशाला में भाग लेकर स्वयं को जीएसटी के लिए तैयार करें। कार्यशाला में भाग लेने वाले व्यापारी भाईयों के लिए कार्यशाला के पश्चात् भोजन की व्यवस्था की गई है।

''आपकी अपमा आपके साथ सदैव''

(विष्णु भार्गव)

महासचिव